## एक नजर में

### ज़हरीला पदार्थ खाकर व्यक्ति ने दी जान

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा ज़हर खाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है. फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है. मृतक की पहचान 47 वर्षीय मोतीलाल पिता जगन्नाथ निवासी न्यू गौरी नगर के रूप में हुई है. उसने बुधवार को अपने घर में ज़हरीला पदार्थ खा लिया था. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा का कहना है कि मोतीलाल के पारिवारिक, आर्थिक या मानसिक कारणों की पड़ताल की जा रही है. मोबाइल फोन, रिश्तों और हालिया गतिविधियों के आधार पर आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश की जा रही है. परिजनों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है.

### सड़क हादसे में युवक की मौत

इंदौर. शहर के राऊ-रंगवासा मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान 42 वर्षीय अंकित होलकर निवासी नालंदा परिसर, केसरबाग रोड के रूप में हुई है. हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे शुभम ग्रीन कॉलोनी के पास हुआ, जब अंकित किसी वाहन से गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं. पुलिस को आशंका है कि उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे वे सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए और संभवत: मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई. घटना की सूचना मिलने पर राऊ पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में अंकित का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया. पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों की तलाश कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह सामान्य दुर्घटना थी या किसी वाहन की टक्कर के चलते यह हादसा हुआ. पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने पर ही हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी.

### हेल्पर ने चालक पर धारदार पत्ती से किया हमला

इंदौर. सरवटे बस स्टैंड पर हुए विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब एक बस हेल्पर ने साथी चालक पर धारदार लोहे की पत्ती से हमला कर उसे घायल कर दिया. घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई. छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि घायल चालक का नाम बबलू पिता गोविंद सूर्यवंशी, निवासी बलवाड़ा है. बबलू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जय महाकाल बस में बतौर चालक कार्यरत है. इसी बस में हेल्पर के रूप में कार्य कर रहा आरोपी अशोक किसी बात को लेकर झगड़ने लगा. बबलू ने पुलिस को बताया कि अशोक ने उससे कहा कि वह उसी गाड़ी पर ड्यूटी करेगा. जब बबलू ने उसे यह बात बस मैनेजर लखन से स्पष्ट करने को कहा तो अशोक गाली-गलौज पर उतर आया. बबलू ने विरोध किया तो आरोपी ने अचानक जेब से धारदार लोहे की पत्ती निकाली और उसके चेहरे पर वार कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. हमले के बाद अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव कर घायल बबलू को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने मामले में आरोपी हेल्पर अशोक के खिलाफ प्रकण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला ड्यूटी को लेकर आपसी कहासुनी से जुड़ा लग रहा है, लेकिन सटीक कारण और हमले की मंशा को लेकर पूछताछ की जा रही है, आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

### मकान का सौदा कर महिला ने हड़पे रुपए

इंदौर. मकान खरीदने की चाह में एक महिला से सौदा कर रुपए देने वाली युवती के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपी ने रकम लेने के बावजूद न तो संपत्ति नाम पर की और न ही पैसे लौटाए, जिसके चलते पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बाणगंगा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, फरियादी निकिता कृष्णकांत झरवड़े निवासी कुशवाह नगर की शिकायत पर आरोपी अनिता राकेश शर्मा निवासी राखी नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. निकिता ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को अनिता से एक मकान खरीदने का सौदा तय हुआ था. आरोपी महिला ने उससे संपत्ति के एवज में रकम ले ली और कहा कि वह मकान निकिता के नाम पर रजिस्ट्री कर देगी. लेकिन रकम लेने के बाद न तो रजिस्ट्री की गई और न ही मकान सौंपा. शिकायत पर पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आगे की कार्रवाई जारी है और पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि रकम कहां गई और मकान पर उसका वास्तविक स्वामित्व क्या है. पुलिस ने संकेत दिए हैं कि यदि जांच में और पीड़ित सामने आते हैं तो प्रकरण को आर्थिक अपराध शाखा को सौंपा जा सकता है.

### अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम




देपालपुर. तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर एवं अधिवक्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर न्याय को बढ़ावा देने और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेते हुए न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत मातृशक्ति के कर कमलों से की गई, जिसमें महिला न्यायाधीशों, महिला अधिवक्ताओं सहित महिला न्यायिक कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए. कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने उपस्थित जन समूह को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए न्याय के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाकर सामाजिक समानता के साथ न्यायप्रिय आदर्श समाज की स्थापना किए जाने का अह्वान किया. उक्त कार्यक्रम में सीनियर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़ एवं दिव्या श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सी.एल. पटेल, सचिव पवन जोशी, वरिष्ठ अधिकवक्ता राजेन्द्र पटेल, एम.डी. बैरागी, मालती जोशी, बी.आर. पटेल, प्रकाश धाकड़, दिलीप डाबी, सह. सचिव कैलाश चौधरी, विजय नागर, मनोज देसाई, चिंतामन बाथम, नायब नाजीर दिलीप यादव, महिला न्यायिक कर्मचारी कविता जगताप सहित समस्त अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहा.

### मेकनाईज्ड किचन प्रणाली के विरोध में उतरी महिलाएं



राजगढ़. मध्य प्रदेश तथा जिले सहित प्रदेश के नवमींकित निकायों की आंगनवाड़ी एवं मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन हेतु राज्य शासन द्वारा मेकनाईज्ड किचन प्रणाली लागू करने की योजना को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित स्वसहायता समूहों की महिलाओं में रोष है. मंगलवार को स्थानीय कलेक्टर कार्यालय पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर विरोध दर्ज कराते हुए राज्य शासन द्वारा लागू की जाने वाली मेकनाईज्ड किचन प्रणाली का विरोध किया. विरोध स्वरूप महिलाओं ने जिले के विभिन्न स्व सहायता समूहों की महिलाओं का कहना था कि यदि शासन द्वारा उक्त योजना को वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन करने में महिलाएं पीछे नहीं रहेंगी. महिलाओं ने बताया कि यह योजना सरकार के आत्मनिर्भर भारत की भावना के खिलाफ है तथा इससे स्व सहायता समूहों की आय बंद हो जाएगी. विरोध स्वरूप महिलाओं ने इस योजना को बंद करने तथा पूर्व की तरह व्यवस्था जारी रखने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. उक्त जानकारी प्रांतीय स्व सहायता समूह के प्रदेश प्रभारी संगीता कमल चलवानिया, जिला अध्यक्ष प्रेरणा संतोष यादव ने दी साथ में ब्लाक अध्यक्ष शामिल थे सुनीता, ज्योति, लता यादव, आशा केथवास, अनुराधा यादव, अलका प्रमोदनी देवकन्या रानी कैलाशी निशा लक्ष्मी आदि बहने मौजूद रही.

## शौक पूरा करने के लिए करते थे लूट

- खजराना पुलिस ने चंद घंटे में किया खुलासा
- सीसीटीवी से पहचान कर तीन आरोपी दबोचे



नव भारत न्यूज

**इंदौर. लूट की वारदात को अंजाम देकर भागे बदमाश ज्यादा देर तक पुलिस की पकड़ से दूर नहीं रह सके. खजराना पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने फरियादी से लूटा गया मोबाइल, पर्स और नकद सात हजार रुपए बरामद कर लिए हैं. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम दिया था.**

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह व एसीपी कुंदन मंडलोई की निगरानी में थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव ने वारदात का खुलासा किया. एडीसीपी ने बताया कि भोपाल के बोधरी एमपी नगर निवासी आशुतोष गोस्वामी ने 16 जुलाई की सुबह खजराना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि वह विजय नगर से रेडिसन चौराहे तक पैदल जा रहे थे, तभी तीन युवकों ने पानी मांगा और फिर केक लेने का बहाना बनाकर उन्हें शुभ लाभ टॉवर के पीछे खंडहर में ले गए. वहां मौका पाकर युवकों ने उनका मोबाइल और पर्स लूटकर भाग निकले. वारदात के बाद खजराना पुलिस ने तुरंत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की. आसपास की दुकानों और रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इसी दौरान सूचना मिली कि संदिग्ध युवक वाघेला गार्डन के पास खड़े हैं. तत्काल एक टीम रवाना की गई और भागने की कोशिश कर रहे आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. इनमें 20 वर्षीय गिल्लू उर्फ सुमित पिता मुकेश पटेल मुमताज बाग कॉलोनी, खजराना जो कक्षा तीसरी तक पढ़ा हुआ और पार्सल डिलीवरी का काम करता है.

इसके खिलाफ चोरी का प्रकरण भी दर्ज है. वहीं 19 वर्षीय लड्ढू उर्फ सुमित पिता संतोष चौहान मुमताज बाग कॉलोनी, खजराना यह भी दसवीं पास है और सैलून में काम करता है. इनके साथ एक नाबालिग भी है.

### मोबाइल व पर्स बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फरियादी का मोबाइल और पर्स जिसमें यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड के साथ नकद सात हजार रुपए भी जब्त किए है. थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए लूटपाट करते हैं. अब पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इन्होंने क्षेत्र में और किन वारदातों को अंजाम दिया है.

## ग्वालियर से आया हथियार तस्कर गिरफ्तार, 4 पिस्टल बरामद

- रीजनल पार्क क्षेत्र से पकड़ा, बड़वानी से लाकर ग्वालियर में सप्लाई की थी योजना




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** अवैध हथियारों की तस्करी पर लगाम कसने में इंदौर क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्वालियर निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की हैं.

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 25 वर्षीय राहुल जोशी, निवासी हजीरा, ग्वालियर के रूप में हुई है. आरोपी रीजनल पार्क स्थित मरी माता मंदिर क्षेत्र से पकड़ाया. राहुल बड़वानी से अवैध हथियार लाकर ग्वालियर में बेचने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे धरदबोचा. इस कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. मामले में डीसीपी क्राइम का कहना है कि पूछताछ में आरोपी से हथियार तस्करी के नेटवर्क को लेकर और जानकारियां जुटाई जा रही हैं. साथ ही यह भी खंगाला जा रहा है कि इससे पहले किन-किन शहरों में उसने हथियारों की डिलीवरी दी है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर शहर में अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है.

## बीआरटीएस में रफ्तार भर रही बाइक निकली चोरी की

### *पुलिस ने पकड़ा तो छोड़ भागा वाहन चालक*

इंदौर. बीआरटीएस कॉरिडोर में तेज रफ्तार से दौड़ाई जा रही एक बाइक को जब यातायात पुलिस ने रोका तो वह चोरी की निकली. चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस टीम ने बाइक को जब्त कर ली. कार्रवाई के दौरान मिले साहस और तत्परता के लिए टीम को डीसीपी ट्रैफिक ने नगद पुरस्कार से सम्मानित किया.

घटना जीपीओ से व्हाइट चर्च की ओर जा रहे बीआरटीएस मार्ग पर हुई. तेज रफ्तार बाइक को देखकर यातायात जोन-1 के सहायक पुलिस आयुक्त सुदेश सिंह ने वायरलेस पर निर्देश जारी करते हुए चालानी कार्रवाई के आदेश दिए. निर्देश मिलते ही व्हाइट चर्च चौराहा पर ड्यूटी पर तैनात सूबेदार नरेंद्र चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक रितेश मंडलोई, आरक्षक विकास जाट और शैलेन्द्र त्यागी ने सक्रियता दिखाते हुए बाइक को रोका. लेकिन पुलिस को देखकर बाइक सवार वाहन छोड़कर भाग निकला. जब वाहन की जांच की गई और रजिस्ट्रेशन के आधार पर मालिक से संपर्क किया, तो खुलासा हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल की चोरी की रिपोर्ट लसूडिया थाने में दर्ज है. घटना के बाद बाइक को जब्त कर संबंधित थाने को सूचित किया. इस सराहनीय कार्य के लिए डीसीपी यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी ने पूरी टीम को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया.

## जल्दी पैसा कमाने के लिए बेचता था ड्रग्स

- खजराना पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- 2.10 लाख का मादक पदार्थ और सामान बरामद
- आरोपी से नेटवर्क के बारे में पूछताछ जारी



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसके कब्जे से 12.5 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स, एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन समेत 2 लाख 10 हजार रुपए से अधिक का मादक माल बरामद किया है. आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं और उसके नेटवर्क का सुराग भी पुलिस को मिल रहा है. डीसीपी जोन-2 हंसराज सिंह, एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी कुंदन मंडलोई के निर्देश पर खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त संदिग्धों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी. खजराना पुलिस की टीम गश्त पर थी, तभी साहिल ग्रैंड बिल्डिंग के सामने, स्टार चौराहे के पास एक संदिग्ध युवक हीरो डीलक्स वाहन एमपी 09 वीव्हाय 4168 पर खड़ा दिखा. पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 12.5 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स, जिसकी बाजार कीमत 1.25 लाख रुपए है, बरामद की, साथ ही एक मोबाइल के साथ उक्त मोटर सायकल भी जब्त की है. 40 वर्षीय इमरान पिता अहमद रसूल खान निवासी काली बिल्डिंग के पास, पटेल नगर, खजराना का रहने वाला है. आरोपी अनपढ़ है और ऑटो चालक का काम करता है. उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह खुद ड्रग्स का नशा करता है और जल्दी पैसे कमाने के लिए सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 25 हजार की एमडी ड्रग्स के साथ हीरो डीलस्क बाइक और मोबाइल जब्त किए है.

> **अन्य थानों में दर्ज हैं प्रकरण**
>
> आरोपी के खिलाफ पहले से चंदन नगर थाने में हत्या की कोशिश सहित एनडीपीएस एक्ट के साथ ही आर्म्स एक्ट और आईपीसी की कई धाराओं में प्रकरण दर्ज है. थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड लिया गया है. अब उसके नेटवर्क, सप्लायर और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर, उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

## मजदूर की हत्या में पांच आरोपी गिरफ्तार

- निर्माणाधीन पुल पर पीटकर उतारा था मौत के घाट
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज






**इंदौर.** मूसाखेड़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल पर काम कर रहे मजदूर की चौकीदार और अन्य कर्मचारियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई थी, घटना मंगलवार की है, जबकि गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया. इस जघन्य वारदात से गुस्साए परिजनों ने शव थाने के बाहर रखकर हंगामा किया और ठेकेदार को भी आरोपी बनाने की मांग की थी.

एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान शिवदर्शन नगर निवासी उमेंद्र सिंह ठाकुर पिता महाराज सिंह के रूप में हुई है. पुलिस को घटना स्थल के पास लगे चाय ठेले वाले से अहम सुराग मिला, जिसने देखा था कि चौकीदार किसी युवक को घसीटते हुए सड़क तक लाया था. इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेह के आधार पर चौकीदार से पूछताछ की, जिसने न सिर्फ पीटने की बात कबूल की, बल्कि यह भी बताया कि मृतक सरिए की चोरी कर रहा था. पूछताछ में चौकीदार ने अपने चार अन्य साथियों के नाम भी उजागर किए. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंगलवार रात ही सभी पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया था. आरोपियों में रामअवतार लोधी, बहादुर लोधी दोनों निवासी मयूर नगर, साहिल राजपूत पिपलियाहाना, राहुल पटेल मयूर नगर और सुजीत शामिल हैं. प्रारंभिक पूछताछ में सभी ने मारपीट की बात स्वीकार की है. हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की पूरी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, जिससे मौत के कारणों और गंभीर चोटों की सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है. प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें थीं, लेकिन कुल कितने फ्रैक्चर हुए, यह मेडिकल परीक्षण के बाद ही स्पष्ट होगा. बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को थाना परिसर के बाहर रखकर चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया.

परिजनों की मांग थी कि ठेकेदार को भी आरोपी बनाया जाए, क्योंकि उसकी जानकारी में यह सब हो रहा था. काफी समझाइश के बाद परिजन शांत हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए. गुरुवार को उमेंद्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया.

> **सवाल अब ठेकेदार की भूमिका पर**
>
> हालांकि पुलिस ने महज कुछ घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर तत्परता दिखाई, लेकिन परिजनों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि जब निर्माण स्थल पर हर गतिविधि ठेकेदार की निगरानी में होती है, तो क्या उसे मारपीट की भनक नहीं लगी थी? अब परिजन ठेकेदार को मुख्य आरोपी बनाए जाने की मांग कर रहे हैं. मामले में एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा जारी है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की धाराएं तय की जाएंगी, फिलहाल पांचों आरोपी रिमांड पर हैं.

## यातायात जवानों की सतर्कता से बची एक जान

- चौराहे पर हार्टअटैक से गिरे ऑटो चालक को समय रहते पहुंचाया अस्पताल



नव भारत न्यूज

**इंदौर. मालवा मिल चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस के जवानों की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता ने एक ऑटो चालक की जान बचा ली. बुधवार को चौराहे के समीप अचानक ऑटो चालक लोकेंद्र बाबूराव को हार्टअटैक आया तो वहां मौजूद ट्रैफिक आरक्षक सुनील और आरक्षक विशाल ने बिना देर किए उसे तुरंत चरक अस्पताल पहुंचाया.**

मौके पर किसी एंबुलेंस के न होने पर दोनों जवान खुद पहल करते हुए चालक को निजी वाहन से अस्पताल ले गए. वहां भर्ती कराने के बाद जब तक परिजन नहीं पहुंचे, तब तक दोनों जवान अस्पताल में मौजूद रहकर इलाज शुरू कराने में मदद करते रहे. समय रहते की गई इस मानवीय पहल की आसपास मौजूद लोगों और पीड़ित परिवारजनों ने प्रशंसा की. आमजन ने भी ट्रैफिक पुलिस की तत्परता को सराहा.

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

- डेढ़ लाख से अधिक की मदिरा और दो वाहन जब्त
- दो आरोपियों पर दर्ज हुआ केस

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया जा रहा है. बीते दिन बायपास और रिंग रोड क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देते हुए दो अलग-अलग मामलों में करीब 1.57 लाख मूल्य की देशी शराब और दो दोपहिया वाहन जब्त किए. दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है. पहली कार्रवाई बायपास क्षेत्र में की गई, जहां एक दोपहिया वाहन पर अवैध रूप से 2 पेटी देशी शराब का परिवहन किया जा रहा था. टीम ने मौके से शराब जब्त कर वाहन को जप्त किया. जब्ती की अनुमानित कीमत करीब एक लाख आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई एमआर 9 रिंग रोड क्षेत्र में की गई, जहां टीम को 100 पाव देशी प्लेन शराब एक वाहन पर ले जाते हुए मिली. मौके पर शराब और वाहन दोनों जब्त कर लिए गए, जिसकी बाजार कीमत लगभग 57 हजार 500 रुपए बताई गई है. आबकारी विभाग का कहना है कि अवैध शराब के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाइयाँ निरंतर जारी रहेंगी. विभागीय टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं.




**परेशानी** — मामला वार्ड 50 के रमाबाई नगर का

## बस्ती के रहवासियों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं



इंदौर. स्मार्ट सिटी का सपना दिखाने वालों ने आज भी ऐसे क्षेत्रों को अनदेखा कर रखा है जहां पर मूलभूत सुविधा शून्य है. जहां हर मौसम में रहवासी अलग-अलग समस्याओं से जूझते नजर आते हैं.

एक बार फिर से वार्ड क्रमांक 50 के रमाबाई नगर की समस्याएं सामने देखने को मिली है. रमाबाई वह बस्ती है जहां पिछले तीस वर्षों से आज तक विकास नहीं किया गया. बरसात के मौसम की समस्याएं पर गौर किया जाए तो बस्ती के हर घर चारों तरफ गंदगी फैली दिखाई देती है. बस्ती सभी गलियों में एक भी ऐसा हिस्सा नहीं देखने को मिला जहां कीचड़ नहीं दिखा हो. हल्की बरसात में ही यहां के रहवासियों का रहना दुभर कर रखा है. बताया जाता है कि तेज बरसात होने पर घरों के अंदर घुटने-घुटने पानी भर जाता है. बस्ती में बरसात के कारण इतनी गंदगी हो जाती है कि शहर का आम नागरिक तो अंदर जाना ही पसंद नहीं करें. इस तीन दशक में छः बार चुनाव हुए हैं. हर बार चुनाव के समय बस्ती के विकास के वादे किए जाते हैं लेकिन आज भी यहां पर मूलभूत सुविधाएं नदारत है. इसका एक बड़ा कारण यह सामने आया है कि बताया जाता है कि यह बस्ती निजी जमीन पर बसी हुई है जिस कारण न्यायालय में प्रकरण चल रहा है.

### इनका कहना है...



समस्याओं ने बस्ती में डेरा डाले रखा है. मूलभूत सुविधाओं के इंतजार में पूरी जिंदगी गुजर गई. अब हमारे बच्चों का जीवन स्तर बेहतर हो इसलिए हम बस्ती में मूलभूत सुविधा चाहते हैं.

**- चेतन सालवी**



अभी तो मानसून की बरसात शुरू कहां हुई है और यह हाल हो चुके हैं. जब लगातार बरसात होगी तो हम सभी का जीवन नर्क से कम नहीं होगा. हम भी इंसान है.

**- विकास गाड़ेकर**



एक-दो नहीं सैकड़ों बार झोन और निगम में शिकायत और आवेदन दिए है लेकिन कोई भी अधिकारी या नेता इस बस्ती की तरफ नहीं आता. न ही विकास की बात की जाती है.

**- अनिता सिरसाट**



**अंदर नहीं कर सकते निर्माण**-मैं जब पार्षद नहीं था. तब से मैं इस बस्ती के विकास के लिए प्रयास करता आ रहा हूं. क्षेत्र के बाहर एक पक्की सड़क बनाई गई है लेकिन अंदर कोई भी निर्माण हम नहीं कर सकते क्योंकि यहां जमीन किसी संस्था की है और अब तक न्यायालय से कोई डिसीजन नहीं हुआ.

**- राजीव जैन, पार्षद**